उत्तर प्रदेश सरकार

# उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड

19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधान सभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

## <u>सूचना/विज्ञप्ति</u>

## <u>उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025</u>

**शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) हेतु निर्धारित तिथियों एवं महत्वपूर्ण सूचना का प्रकाशन**

संख्याः–पीआरपीबी–बी(होमगार्ड संवर्ग)–02/2025 दिनांक– सितम्बर01 ,2026

उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट–2025 के अन्तर्गत 41,424 पदों को भरे जाने हेतु समांक विज्ञप्ति दिनांकित 18–11–2025 की चयन प्रक्रिया के अन्तर्गत दिनांक 25, 26 तथा 27 अप्रैल, 2026 को सम्पन्न हुई लिखित परीक्षा का परिणाम समांक विज्ञप्ति दिनांकित 28–06–2026 द्वारा प्रकाशित करते हुए लिखित परीक्षा के प्रसामान्यीकृत अंकों में अधिमानी अर्हता के अंकों को जोड़ते हुये सफल अभ्यर्थियों में से अंको की श्रेष्ठता एवं उ0प्र0 राज्य के आरक्षण नीति के सुसंगत प्रावधानों के आधार पर जनपदवार/श्रेणीवार विज्ञापित पदों के सापेक्ष लगभग 2.6 गुना अभ्यर्थियों को अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण हेतु आहूत किया गया है।

2– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक मानक परीक्षण (डीवी/पीएसटी) के उपरान्त शारीरिक दक्षता परीक्षा का चरण निर्धारित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा की प्रक्रिया का प्रकाशन बोर्ड की समांक विज्ञप्ति दिनांकित 14–08–2026 द्वारा बोर्ड की वेबसाइट http://uppbpb.gov.in पर किया जा चुका है। इस सम्बन्ध में यह भी सूच्य है कि **ऐसे अभ्यर्थी जिनकी अभिलेखों की संवीक्षा किन्ही कारणवश औपबन्धिक रूप से सम्पन्न की गयी है, उनकी शारीरिक दक्षता परीक्षा औपबन्धिक रूप से इस सम्बन्ध में लिये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन सम्पन्न करायी जायेगी।**

3– अभिलेखों की संवीक्षा एवं शारीरिक दक्षता परीक्षण (डीवी/पीएसटी) में सफल/औपबन्धिक अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा निम्न तिथियों में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों में आयोजित करायी जायेगीः–

| क्र0सं0 | विवरण | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1 | शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 08–09–2026 (मंगलवार) से दिनांक 15–09–2026 (मंगलवार) तक |
| 2 | शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) के रिजर्व–डे हेतु निर्धारित तिथि | दिनांक 16–09–2026 (बुधवार) |

4— उपरोक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों के शारीरिक दक्षता परीक्षा (पीईटी) का प्रवेश पत्र निर्धारित तिथि से लगभग 07 दिवस पूर्व बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in पर अपलोड किया जायेगा, जिन्हे अभ्यर्थीगण बोर्ड की वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करके प्रवेश पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र पर निर्धारित तिथि व समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेगें।

5— अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे अग्रेतर महत्वपूर्ण निर्देशों हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट https://uppbpb.gov.in का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचनाएं/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदत्त किये जायेगें।

**(सत्यार्थ अनिरुद्ध पंकज)**
अपर सचिव (भर्ती)/परीक्षा नियंत्रक
उ0प्र0 पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।